हिंदी प्रोत्साहन कार्यक्रम

केनरा बैंक प्रधान कार्यालय द्वारा हिंदी में संगोष्ठी का आयोजन

केनरा बैंक, राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलुरु द्वारा दिनांक 15.06.2019 को प्रधान कार्यालय के सभागार में **'हिंदी प्रोत्साहन कार्यक्रम'** के अंतर्गत '**हमारे बैंकिंग उत्पादों का विपणन कैसे करें**' नामक विषय पर हिंदी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधान कार्यालय के सभी विभागों के कर्मचारियों/अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता **श्री एच एम बसवराज, सहायक महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय** ने की।

श्री एच एम बसवराज, सहायक महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलुरु ने संगोष्ठी की प्रस्तावना से परिचित करवाते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बैंक के कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए किए जाते हैं। केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय, बेंगलुरु की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 171वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रत्येक तिमाही में ऐसे कार्यकम आयोजित किए जाते रहेंगे। सभी कर्मचारियों से अपेक्षा है कि इन प्रोत्साहन कार्यक्रमों में उत्साह से भाग लेते हुए तथा अपने दैनिक कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करते हुए राजभाषा कार्यान्वयन की गति बढाएं।

संगोष्ठी में अनुपालन प्रभाग के **श्री अभिजीत कुमार**, प्रबंधक ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि दुनिया तीव्र गति से विकासमान है हमें भी अपने बैंकिंग उत्पादों को उसी हिसाब से विकसित करते हुए आम लोगों तक ले जाना है। उत्पादों को ग्राहक केंद्रित बनाया जाए। हमारे बैंक की विभिन्न शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा नए ग्राहकों को शुरुआत में ही अपने उत्पादों की छोटी सी झलक देनी चाहिए।

श्री दीपक यादव, वरिष्ठ प्रबंधक, साख प्रशासन व निगरानी विभाग ने कहा कि इस प्रतिस्पर्धी युग में यदि आगे बढ़ना है तो हमें अपने बैंकिंग उत्पादों को ग्राहकों के अनुसार बनाना होगा तथा विपणन की उत्तम तकनीकों को अपनाते हुए काउंटर पर बैठे हमारे प्रथम

कर्मचारी को अपनी सक्रिय जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी। उनके द्वारा **ग्राहकों को प्रदत्त सेवा ही सर्वोत्तम विपणन** है।

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

सुश्री श्वेता गुप्ता, प्रबंधक, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज डिजिटल उत्पादों का जमाना है इस ओर काम करते हुए बैंक के सभी डिजिटल उत्पादों को एक ही प्लेटफार्म पर लाया जाए। फेसबुक, यूट्यूब, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसे सामाजिक माध्यम पर लुभावने विज्ञापन दिए जा सकते हैं। अन्य बैंकों की तरह फ्लिपकार्ट, अमेजन, मिंत्रा, स्नैपडील आदि ऑनलाइन खरीदी साइटों पर छूट देकर युवा पीढ़ी को आकर्षित किया जा सकता है।

श्री निर्मल कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक, निरीक्षण विभाग ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रशिक्षण, भाषा और उत्पादों के स्थानांतरण के माध्यम से हमारे उत्पादों का विपणन किया जा सकता है। बैंक के उत्पादों की जानकारी से जब सभी कर्मचारी अवगत होंगे तो वे उचित माध्यमों का उपयोग करते हुए ग्राहकों तक अपनी बात पहुंचा सकेंगे।

श्री पी एस बाजपेयी, मंडल प्रबंधक ने कहा कि समय के साथ उत्पादों को ग्राहकों के हिसाब से परिवर्तित करते हुए सभी कर्मचारियों को जागृत होने की आवश्यकता है। पहले सभी कर्मचारी बैंक के द्वारा बनाए गए उत्पादों से परिचित हों और एक सही दिशा में काम करते हुए उत्पादों को आम जन तक ले कर जाएं।

तदुपरांत, अप्रैल 2019 महीने में आयोजित **'सफलता की कहानी सुनाना कार्यक्रम'** के अंतर्गत हिंदी व अहिंदी भाषी वर्ग के आधार पर श्रेष्ठ चार वक्ताओं को **श्री एच एम बसवराज, सहायक महा प्रबंधक,** मानव संसाधन विभाग तथा **श्रीमती वी श्रीलक्ष्मी, वरिष्ठ प्रबंधक**, राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

श्रीमती **वी श्रीलक्ष्मी, वरिष्ठ प्रबंधक**, राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग द्वारा इस संगोष्ठी के श्रेष्ठ वक्ताओं का नाम घोषित किया गया।

श्रीमती खुशबू कुमारी गुप्ता, राजभाषा अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। **श्री शशि कांत पांडेय,** राजभाषा अधिकारी, राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

<u>संगोष्ठी में अपने विचार रखते हुए वक्ता गण</u>

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank
A Government of India Undertaking

<u>संगोष्ठी में अपने विचार रखते हुए वक्ता गण</u>

<u>समूह छायाचित्र</u>